(ii) "In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to reurn herewith the Appropriation (Railways) No. 2 Bills, 1982, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 17h March, 1982 and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that tthis House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill."

---

12.32 hrs.

## COMMITTEE ON THE WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

Sixteenth and Seventeenth Reports

SHRI R. R. BHOLE (Bombay South Central): Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes:—

(i) Sixteenth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Ninth Report of the Committee on the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing)—Reservations for, and employment of, Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Hindustan Shipyard Limited.

(ii) Seventeenth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Eleventh Report of the Committee on the Ministry of Railways (Railway Board)—Reservations for, and employment of, Scheduled Castes and Scheduled Tribes in South Central Railway and award of petty contracts, parcel booking agencies and out agencies to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in South Central Railway.

---

## ESTIMATES COMMITTEE

Twenty-third Report

SHRI S. B. P. PATTABHI RAMA RAO (Rajahmundry): Sir, I beg to present the Twenty-third Report (Hindi and English versions) of the Estimates Committee on the Ministry of Commerce—Export Promotion.

---

12.33 hrs.

## COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

Thirty-second Report

SHRI BANSI LAL (Bhiwani): Sir, I beg to present the Thirty-second Report (Hindi and English versions) of the Committee on Public Undertakings on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Nineteenth Report of the Committee on Electronics Corporation of India Limited (Department of Atomic Energy).

---

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Reported leakage of several question papers of Class XII examination of All India Central Board of Secondary Education.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Mormugao): Sir, I call the attention of the hon. Minister of Education to the following matter of urgent public importance and I request that she may make a statement thereon:—

"Reported leakage of several question papers of Class XII examination of the All India Central Board of Secondary Education and action taken by the Government in the matter."

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRIMATI SHEILA KAUL): There have been a number of complaints about leakage of question papers in the All India Senior School Certificate Examination conducted by the Central Board of Secondary Education. Some of these complaints had appeared in the Press also. Reacting promptly to the complaints directly received by it, the Board initiated action in time to check whether there was leakage of

[Shrimati Sheila Kaul]

question papers, and, if so, in which subjects and to what extent.

2. Based on the results of its preliminary verification the Board had evidence to show that there was leakage of some of the question papers. It is relevant here to state that the Board conducts two examinations at the secondary stage (that is, Class X) and two examinations at the senior secondary stage (that is, class XII). The leakage was found to be confined only to the All India Senior Secondary Examinations. Apart from all other measures contemplated, in order to strike at the root of the problem, the Board lodged a complaint with the police so that the source of leakage could be located. The police investigation is in progress. We do hope, it will be possible for them to locate the culprits.

3. In the meanwhile, the Board also continued its own intensive verifications. The examination centres in different parts of the Union Territory of Delhi were subjected to surprise inspections by senior officials of the Board with the specific objective of gathering documentary evidence to establish whether there was leakage of any more question papers. As a result of such verifications, the Board came to the final conclusion that question papers in Mathematics, Chemistry, and Biology under the All India Senior School Certificate Examination had leaked.

4. Available evidence showed that the leakage was confined to some schools in the Delhi UT area. No complaint about leakage of question papers was received by the Board from any place outside Delhi, not even from the adjoining towns. That being so, the Board cancelled the examination in these three subjects and ordered re-examinations in them only in the Delhi UT area.

5. Fresh examinations in Mathematics, Chemistry, and Biology for all the candidates in the Delhi UT area have been scheduled to be held on April 5, 7 and 8, 1982, respectively. It should be appreciated that for holding re-examinations the Board has to make all preparations afresh. They need time to do that. However, in appreciation of the fact that a long gap between the two examinations would cause avoidable hardship to the students concerned, the Board has decided to hold the fresh examinations soon after the conclusion of the practical examinations.

6. Notwithstanding the fact that question papers had leaked only in some of the subjects, in one of the four examinations conducted by the Board, the Government has taken a serious view of the incident. The Education Secretary, Government of India, as the Controlling Authority of the Board, has ordered an enquiry into the systems and procedures adopted by the Board for conduct of examinations. Shri M. V. Rajagopal, an experienced educational administrator and a former Vice-Chancellor from Andhra Pradesh, has been entrusted with the enquiry. Wide-ranging terms of reference have been given to the enquiry to make it meaningful.

7. We regret that examinations in three subjects of the All India Senior School Certificate Examination had to be cancelled. We realise that this will cause inconvenience to many students and parents. But, we do hope, the public and all the others concerned will appreciate the larger interest involved and not mind the inconvenience

**12.37 hrs.**

(Shri Chandrajit Yadav in the Chair)

SHRI EDUARDO FALEIRO At the outset I must express my appreciation for the very positive response of the Minister to this Calling . Attention which discloses a very gloomy and serious situation. As you know, Sir, perhaps you know, for the last about four years this thing is happening—this leakage of papers in Delhi at this level, though this year it has been perhaps on a more widespread scale.

I would just like to urge the Minister to consider the evidence of leakage of other papers apart from the three she has mentioned. There has been widespread leakage and there is evidence to that effect, of three other papers which I will be mentioning immediately, viz., Economics, Commerce and Mechanical Drawing. There has been actually leakage of all the papers. I am only mentioning only widespread leakage and I am mentioning it as distinct from leakage of other papers because there has been leakage of all the papers. I will say it here because the going rate was quite high—about Rs. 2000 per paper. For some papers like English and Political Science, there are no takers. This is the information I have and there are takers for the papers I have mentioned—three papers which the Minister has mentioned plus three papers which I have mentioned because these are supposed to be scoring subjects and these are important for the purpose of entrance into the professional and technical colleges. I would beseech the hon. Minister to attend to the very serious situation that affects our whole academic system and the educational institutions. Examinations are meant, as we understand it, to test the academic knowledge of the students. But what is actually happening or has already happened or is in the process of happening is not the breadth of the knoledge of the students that is being tested, but if I can put it that way, it is the weight of the purses of the parents of students that really counts. If you want to get admission in a medical college or an engineering college or even in schools, you have to pay donation. You have to pay capitation fee and on how much money you can pay depends whether you are going to get admission or not. If you want to appear for the examination, you need not study, you need only to come forth with Rs. 2000 per paper. Degrees are being sold. You know, Sir, there are Universities which have these correspondence courses. They, for all practical purposes, sell these things. Are the universities or the schools temples of learning? Should they continue as temples of learning? Or are they going to be market places where everything has its price from admission to the examination to getting the Degrees?

I would urge upon the Government to look into this point. My foremost questions are : whether Government will take steps to remove this money-power from having an effect on our academic institutions and in our educational system? In these, the money power has no role or should have no role to play. I, therefore, urge upon the Government to devise ways and means to really restore the credibility of our institutions. Now the credibility is nearly being challenged. You get through the examination in Class XII. To get an admission in the College, again, you will have to take the entrance examination. On the basis of the results, they will have an entrance examination. That challenges the very credibility of these examinations. If you want to get a job, you will have to appear again for an examinatitn to find out whether you are suitable for the job or not. There again it is a challenge—a challenge to the very examination which you have taken. What is the value of the certificate, diploma or degree? Therefore, I urge upon the Minister—I can see her positive attitude towards he problem. —to look into the whole problem of the academic institutions from this angle namely academic excellence should be enouraged and money power should have no role at all to play.

Coming to the specific questions, it is the most prestigious schools, unfortunately, in Delhi which have been really the arena of this widespread leakage of papers. I mention the Delhi Public School, the Modern School and Bal Bharati Air Force School. These are three schools where there was a widespread leakage of the papers as have been mentioned by the hon. Minister. The Principals are duty bound to report the leakage to the Board. In these schools the Principals had failed in their duty. I would like the Government to find

[Shri Edardo Faleiro]

out why they did not report this leakage of papers in their schools when they were fully aware of it? Will the Government urge upon the educational institutions that in future they must immediately report this type of a situation to the Board so that immediate steps are taken?

Will the Government look with concern into this? It is known now that the leakage has been there in three papers. I say there was a widespread leakage in three other papers. I am not speaking about the minor leakages. There has been widespread leakage in other papers also. Leakage is not only an embarrassment for those who conduct the examination but also who take the examination. A lot of trouble is caused to everyone including the students in this particular examination. Because this examination has been cancelled because of leakage of papers, they have to appear again for the examination. In the process, they will not be able to appear for the entrance examination, for instance, in the National Defence Academy. They will also lose their chance from appearing in any other entrance examination. Will the Government see that no inconvenience is caused to them? I ask the Government, because this is the information I have just now to apply its mind to see that no such inconvenience is caused to them?

I am happy now that the Government has ordered an enquiry into this. As I mentioned, it is known that the papers have leakaged. One can traced or identify those to whom the papers are given in advance. From them, we can also find out who were the people who gave them the papers. We go straight to the source. If somebody in the academic community who is the paper setter or somebody who is in custody of this paper has leaked it out, will the Government take the help of the police to trace the ultimate source and see that the loopholes are plugged and that they do not recur again? I would like to specifically ask the Government whether they have ordered an enquiry. What are the terms of the enquiry? From that, I am sure, the House will be able to know whether this enquiry will really create the desired results namely to improve the educational system on the lines that I have outlined.

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, when I stand to reply this I feel very sad to say that the values of the people have changed so tremendously. I remember in our old days when we were giving the papers the invigilator was always there but he or she would just stand either outside or come into the room but nobody exchanged notes. I do not know why people are now doing like this It hurts me completely and as it is we have to be very careful.

Sir, I have stated in my statement that the Education Secretary has set-up an inquiry committee. The Chairman of the Committee is the ex-Vice-Chancellor, Mr. Rajagopal and we have done it purpo ely. There is also a reason why we do not have anybody from Delhi. We had it from a long distance so that nobody should say that anybody from Delhi was involved. The hon. Member wants to know the terms of reference of this enquiry committee. Actually we have taken a very serious view of this and, as such, the terms of reference are also very wide. The terms of reference are:

1. To critically examine the complaints received about leakage of Queston Papers in general and in particular about Question Papers under All India Senior School Certificate Examnation, 1982 and to determine the adequacy of action taken by the Board to deal with that.

2. To fix responsibility for the leakages;

3. To examine the systems and procedures adopted by the Board

for conducting examination and identify weaknesses, if any.

4. To examine the arrangements available in the Board for entertaining and processing such complaints about leakage of question Papers;

5. To determine what constitutes leakage of Question Paper and to suggest norms for ordering re-examination with reference to the extent of leakage; and

6. To recommend measures for prevention of leakage of confidential informaton relating to examinations in general and of Question Papers in particular;

These are the terms of reference of the Committee Sir, anybody who has any evidence to show that leakage in other Papers has taken place can also refer that matter to his Committee. The hon. Member mentioned about leakage in connection with Mechanical Drawing and other Papers. The Board has not received any evidence to that effect but in case there is evidence this can be put before the Committee that has been set-up.

MR. CHAIRMAN: He wanted to know whether Government will send some instructions as soon as leakage are brought to the notice of the authorities concerned?

SHRIMATI SHEILA KAUL: The Principals have to find out the evidence first. In some cases they have done it but in respect of Biology, Physics and Mathematics.... When these cases were brought to notice, action was immedately taken long before the newspapers brought the news. Immediately the Government started action. But at that time, because the investigations had started, they wanted us not to make noise abou it.

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** (बाड़मेर): अखिल भारतीय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डकी कक्षा 12 में गणित, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के प्रश्न-पत्रों के बारे में जो जवाब मंत्री महोदया ने दिया है, वह वास्तव में संतोषप्रद है, पर मैं यह जानना चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में बोर्ड की जब रिपोर्ट प्रस्तुत हुई और पत्रों में जिस प्रकार की सूचना दी गई थी, हिन्दुस्तान टाइम्स, टाइम्स आफ इण्डिया में और अन्य पत्रों में जो सूचना आई, तो क्या उस में से पहले किसी प्रिंसिपल ने या किसी अधिकारी ने इस लीकेज के बारे में किसी प्रकार की इन्फार्मेशन दी थी। अगर कोई इन्फार्मेशन दी गई, तो मैं जानना चाहूंगा कि किस सोर्स से वह इन्फार्मेशन आई और कब वह इन्फर्मेशन दी गई और उस के आधार पर बोर्ड के सेक्रेटरी ने कब एक्शन लेना शुरू किया।

दूसरी बात में यह जानना चाहता हूं कि परीक्षा पेपर्स किस की कस्टडी में थे। डिप्टी सेक्रेटरी के ग्रेड के बराबर के अधिकारी की कस्टडी में ये पेपर्स होने चाहिए। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो पेपर्स लीक हुए, वे किस अधिकारी की कस्टडी में थे।

तीसरी बात में यह जानना चाहता हूं कि क्या इस में सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेन्ड्री एजूकेशन के एम्पलाइज का हाथ है, जिस के कारण ये पेपर्स लीक हुए।

परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड द्वारा अपनाई गई प्रणाली और पद्धति की जांच के आप ने आदेश दे दिये हैं और एक जनरल व और इस स्पेसीफिक केस में आप ने जो आदेश दिये हैं, इस की हम सराहना करते हैं परन्तु मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो स्पैसीफिक केस है, इस की रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत कर दी जाएगी क्योंकि अगर इसमें विलम्ब होता है, तो इस का प्रभाव कम होता है। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस की जो क्राइम ब्रांच इस केस को

[श्री वृद्धि चन्द जैन]

डील कर रही है, उस की क्या प्रगति है और शिक्षा विभाग उसके बारे में पूरी जानकारी रख रहा है? क्या शिक्षा विभाग ने किसी अधिकारी को यह जिम्मेवारी सौंप रखी है कि वह इस बात की पूरी जानकारी रखे कि पुलिस जो इस में कार्यवाही कर रही है, वह ठीक ढंग से कर रही है और दिलचस्पी से कार्यवाही कर रही है। इस संबंध में कोई विशेष-अधिकारी नियुक्त किया गया है या नहीं मैं इस की जानकारी भी चाहता हूं।

**12.54 hrs.**

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair.*)

**श्रीमती शीला कौल** : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने अपनी जानकारी के लिए यह पूछा है कि सब से पहले कब इस के बारे में मालूम हुआ। मैं बताना चाहती हुं कि सब से पहले 12 मार्च को इस की इत्तिला मिली थी लेकिन जैसा कि पहले मैं ने कहा है, हम ने इस ख्याल से इस बात को फैलाना मुनासिब नहीं समझा क्योंकि पुलिस को कह दिया था कि वह इस बारे में कार्यवाही शुरू कर दे। हमें ऐसा बताया गया था कि अगर एक दम से इस बात को बताते हैं, तो एवीडेंस गड़बड़ाएगी। इसलिए हम इस के बारे में चुप रहे।

माननीय सदस्य ने यह भी पूछा है कि क्या इस में सी० बी० एस० ई० के कुछ लोग इनवोल्व्ड हैं। तो मैं आपको बताना चाहती हूं कि इस में एक जांच होगी।

आपको याद होगा कि कोई सात-आठ दिन हुए, एक अखबार में निकला था कि एक बहुत बड़ा पेपर निकला है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यही आयेगा लेकिन जब उसको देखा गया तो वह पर्चा बिल्कुल दूसरा था। यह कहना कि पेपर लीक हो जाते हैं, इसमें मुख्तलिफ चीजें इन्वाल्व्ड हैं। लेकिन यह कहना कि सी० बी० एस० टी० इन्वाल्व्ड है, यह बात अभी हमारी जानकारी में नहीं आयी है। बल्कि ऐसा भी हुआ, जैसा कि आज आपने देखा होगा कि एक लड़के की तस्वीर निकली है, जिसकी आंख नहीं दिखायी है लेकिन उस की कमीज पर सारे सवाल और जवाब लिखे हुए हैं। उसके बारे में जब किसी को मालूम पड़ा और बोर्ड के आफिशियल्स को किसी ने फोन किया तो बोर्ड के आफिशियल्स फौरन वहां पहुंचे। जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि इन्वीजिलेटर ने उस लड़के को पहले ही पकड़ रखा है। इस तरह से बोर्ड अपनी तरफ से भी काफी अलर्ट है। वह लड़का पकड़ा गया है।

अब आपने पूछा कि इंक्वायरी कब तक होगी। इसमें 6 महीने लगेंगे क्योंकि हम उन लोगों को कमेटी के सामने एवीडेंस देने का मौका दे रहे हैं। जो समझदार हैं और अपने बच्चों के भविषय के लिए कुछ करना चाहते हैं। मैं यह कहुंगी कि वे लोग कमेटी के समाने पेश हों और अपनी राय दें कि इसे कैसे रोका जा सकता है, कैसे ठीक किया जा सकता है, अब कमेटी रोज तो बैठती नहीं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : यह लीक कब हुआ?

**श्रीमती शीला कौल** : जैसा मैंने कहा कि 12 तारीख को हुआ था।

अब क्राइम ब्रांच अपना काम कर रही है और यह बेहतर होगा कि वह अपना काम करती रहे और हम उसके काम में इन्टरफीयर न करें और देखते रहें कि क्या काम हो रहा है।

**श्रीमती मोहसिना किदवई** (मेरठ) : उपाध्यक्ष जी, आज जिस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं कालिंग अटेन्शन के जरिये वह बड़ा गम्भीर और सीरियस मसला है। यह जो हमारा एजूकेशन सिस्टम है, एग्जामिनेशन सिस्टम है इसको ठीक करने के लिए बहुत-सी कोशिश की गयी है और बहुत दिनों से चिंता भी व्यक्त की जा रही है।

इसके लिए 1949 में एक राधाकृष्णन् कमीशन कायम हुआ था। आप उसकी रिपोर्ट को देखें। तकरीबन 32 सालों के बाद भी यह चीज अभी तक चल रही है। मैं उस रिपोर्ट में से कोट कर रही हूं ——

If we are to suggest any single reform in University, it should be that of examination.

देश के आजाद होने के बाद इतनी सीरियसनेस से कमीशन बनाया गया था और उसने बताया था कि हम अपने एग्जामिनेशन सिस्टम में चेंज लाएं और दूसरी सारी चीजें लाएं।

मैं मंत्री जी का ध्यान एक और कमीशन की तरफ दिलाना चाहूंगी जो कि 1956 में सेट अप हुआ था। उसका भी तकरीबन यही कहना था—

"The crippling effect of external examination on the quantity of work in higher education is so great that examination has become crucial."

जब हम आजाद हुए थे यह उस वक्त की समस्या नहीं थी। उसके बाद एजूकेशन का बहुत प्रसार हुआ और स्कूल और कालेज एजूकेशन बहुत बढ़ी। उस वक्त से ये बातें जेरे गौर हैं। मैं यह जानना चाहती हूं कि ये जो कमीशन कायम हुए और उनकी रिपोर्टस आयीं, उसके ऊपर आपने ध्यान दिया है या नहीं ? क्या उनको कार्यान्वित करने की कोशिश कर रहे हैं ?

दूसरे ये जो क्वेश्चन पेपर लीक आउट हो रहे हैं यह चीज बतला रही है कि ये चीजें बढ़ती जा रही हैं। पहले स्कूल और कालिजों में ही ऐसा होता था अब यह चीज मेडिकल कालिजों में भी पहुंच गयी है। सब से बड़ी चीज तो यह है कि पब्लिक स्कूल जिनका कि एडमिनिस्ट्रेशन बहुत सख्त समझा जाता है वहां भी अब यह चीज होने लगी है।

**13.00 hrs.**

वहां से ये लीक-आउट होने लगे तो मैं समझती हूं कि यह बड़ी भारी सीरियस चीज है। जो लड़के नकल करते हैं और दिन-ब-दिन यह चीज बढ़ती जा रही है, कहीं-कहीं तो समाचार आते हैं कि वालिदान खुद बच्चों को नकल में मदद देने के लिए जाते हैं, तो यह बड़ी सीरियस चीज नहीं है, लेकिन यह जो लीक-आउट होते हैं इससे पूरा एजूकेशन सिस्टम असर-अंदाज होता है। इट इज ए वैरी सीरियस प्राब्लम। इस चीज को कम करने के लिए इसका इलाज करने के लिए सरकार कौन से तरीके अपनाने जा रही है, यह मैं जानना चाहती हूं।

एक बात और मैं कहना चाहती हूं जिससे हमारे बच्चों को नुकसान होता है। कुछ परसेंटेज बच्चों का ऐसा है जो कापिंग करने की कोशिश करता है, गलत तरीके इस्तेमाल करता है, क्योंकि हमारे यहां जो एजूकेशन सिस्टम है वह अंग्रेजों के जमाने का है और इस सिस्टम से हिन्दुस्तानी लड़के क्लर्क ही बन सकते हैं, जिनके पास अन्य साधन नहीं हैं। इसके अलावा कोई और परिणाम नहीं निकलता। इसमें परिवर्तन लाने की बात आप सोच रहे हैं, मुझे खुशी है और इस

[श्रीमति मोहसिना किदवई]

बारे में आपके भी बयानात आए हैं और आपकी नजर इस प्राब्लम की तरफ है। आप भी तरीका-ए-तालीम में जरूरी परिवर्तन चाहते हैं जो बा-मकसद तालीम हो, बे-मकसद तालीम न हो। इसी की वजह से लड़कों का दिमाग इस तरफ जाता है।

वे बच्चे जिनका अकाडेमिक साल बरबाद होता है, जो कंपीटीशंस में नहीं बैठ सकते, जैसा कि अभी माननीय सदस्य ने कहा है तो उन बच्चों की परेशानी भी दूर करनी चाहिए जो बहुत मेजारिटी में हैं, मेजारिटी माइनारिटी से परेशान हो जाती है। दिल्ली में यूनियन टेरिटरी में आप फिर से इम्तहान कराएंगे, लेकिन मेरी इत्तिला है कि बहुत से पेपर्स लीक हुए हैं, जिनकी इत्तिला डर की वजह से नहीं दी गई है, क्योंकि जो इनविजिलेटर्स हैं वे डरते हैं और डर की वजह से उनको रोकने की बात नहीं करते। इतना डर और दबाव हो गया है इसलिए यह हो सकता है कि और पेपर भी लीक-आउट हुए हों, लेकिन डर की वजह से उनकी इत्तिला न आई हो।

दूसरी बात मैं कहना चाहती हूं कि क्या सरकार बताएगी कि क्वश्चन पेपर कितने लोगों के हाथ में से गुजरता है और क्वश्चन पेपर की तैयारी से लेकर डिस्पच तक कौन-कौन से लोग उसमें शामिल होते हैं और सरकार ने उनके एग्जामिनेशन सेंटर तक हिफाजत से पहुंचने के लिए क्या उपाय किए हैं?

एक बात और जानना चाहूंगी, जैसी कि इत्तिला आई है कि हिन्दुस्तान के बाहर जो आपके सेंटर्स हैं, वहां से सबसे पहले लीक-आउट हुआ और वहां से किसी ने इत्तिला दी यहां हिन्दुस्तान में कि यह पर्चा है। क्या सरकार को मालूम है।

इन सब चीजों का जवाब मैं सरकार से जानना चाहती हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (नई दिल्ली): साढ़े सात सौ रुपये में दिल्ली में पेपर बिक रहे थे।

**श्रीमती शीला कौल**: मान्यवर मैं एक जवाब देना भूल गई थी जो बात एक माननीय सदस्य ने कही थी कि आई० आई० टी० के इम्तहान में कुछ बच्चे नहीं बैठ सकेंगे। मैंने पहले ही बताया है कि 5, 7 और 8 अप्रैल को इम्तहान होंगे और आई० आई० टी० के इम्तहान मई में होंगे। मैं मानती हूं कि 8–10 दीन बच्चों पर अधिक मेहनत पड़ेगी, लेकिन आई.आई.टी. में जो बच्चे बैठते हैं, वे कोई मामूली बच्चे तो होते नहीं, बड़े काबिल लड़के होते हैं इसलिए मुझे अफसोस जरूर है कि समय उनको कम मिलेगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि वे इसमें अच्छे तरीके से हिस्सा ले सकेंगे।

किसके पास क्वश्चन पेपर्स रखे जाते हैं, ये डिप्टी सेक्रेटरी के पास रखे जाते हैं और ये डिप्टी सेक्रेटरी 8 साल से काम कर रहे हैं। बड़े कान्फिडेंशियल तरीके से काम किया जाता है, लेकिन बावजूद इसके भी बीच में गड़बड़ी हुई है।

मोहसिना जी ने शिक्षा प्रणाली के बारे में बड़ी अहम बात पूछी है। किस तरह से इम्तहान लेते हैं, क्या पढ़ाते हैं। ये प्रणाली उस जमाने की बनी हुई है जब अंग्रेज यहां थे। लेकिन इस में हम ने थोड़ा परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन हम बराबर कर रहे हैं। एन० सी० ई० आर० टी० जो है वह इसको देखता है कि इम्तहान में कैसी तबदीली होनी चाहिए, क्या कराना चाहिए और क्या होना चाहिए। इसको यह अच्छे तरीके से देख रहा है। सी० बी० एस० सी० जो है यह जो वहां पे राय आती है, जो सजेशंज आते हैं उनको इम्प्लीमेंट करता है

शिक्षा में जो दिलचस्पी रखते हैं वे जानते हैं कि शिक्षा ऐसी चीज है कि जो कंटिनुअस प्रोसेस है, बराबर चलती रहने वाली चीज है, इस में रिफार्म्ज, तबदीली बराबर होती रहनी चाहिए। इस तरीके से जो लोग काम करते हैं वे लगन से करते हैं और देखते रहते हैं कि आज ऐसा है तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है।

माननीय सदस्या ने पूछा है कि तैयारी से डिसपैच तक जो पर्चे दिए जाते हैं उस में क्या क्या होता है। आठ नौ इसकी सीढ़ियां हैं। सब से पहले पेपर सैट किया जाता है। फिर उसको ट्रांस्लेट करते हैं। फिर उस पर्चे को माडरेट करते हैं। फिर ऐसा बनाते हैं कि वह छापा जा सके, प्रेस वर्दी हो जाए। फिर उन पर्चों को प्रेस के लिए डिसपैच किया जाता है। बहुत गम्भीरता से देखना पड़ता है कि उस प्रेस को दिया जाए जिस पर पूरा फेथ और कान्फिडेंस हो और जहां और सरकारी चीजें दी जाती हैं वहां यह दिया जाता है। फिर सील लगती है। फिर बोर्ड के दफतर में जाता है बन्द लिफाफे में। उस पर फिर सील लगती है। इस तरीके से जब तक उनको सेंटर सुपरिंटेंडेंट्स को नहीं भेज दिया जाता है, उनकी बहुत हिफाजत की जाती है।

बाहर के मुल्कों से इत्तिला आई थी कि यह लीक हो गया है, यह सवाल भी मेरी बहन ने पूछा है। पहले तो मैंने सोचा था कि शायद ऐसा हो कि वहां से किसी ने फोन कर दिया हो लेकिन यहां जब सुबह के नौ बजे होते हैं तो ऐसी बात नहीं है कि वहां भी नौ ही बजे हों लेकिन वहां तब सुबह के पांच बजे होते हैं। यह वह समय होता है जब इम्तहान नहीं हो रहा होता है। इस वास्ते ध्यान में आया कि यह मुमकिन नहीं हो सकता है।

**श्री जैनुल बशर** (गाजीपुर): इम्तहान के पर्चे का आउट होना अब कोई नई बात नहीं रह गई है। प्रत्येक वर्ष कहीं न कहीं पर्चे आउट होने के समाचार हम लोगों को मिलते रहते हैं। अब तो यह एक बाकायदा धंधा हो गया है और कुछ लोग इस में लग गए हैं और इस में कमाई भी काफी उनको हो रही है। मैं पहले आप का ध्यान गैस पैपर्ज की तरफ दिलाना चाहता हूं। प्रत्येक जगह और दिल्ली में भी गैस पेपर छपते हैं और उनके जवाब भी साथ साथ वे लोग छापते हैं। पुरी किताब छापते हैं और वह बाजार में धड़ल्ले के साथ बिकती है। ऐसा भी कभी कभी होता है कि उन गैस पैपर्ज में जो क्वेश्चंज दिए होते हैं वे पेपर्ज में भी आ जाते हैं, परीक्षा में भी सैट हो जाते हैं, कभी कभी पचास परसेंट कभी कभी सत्तर परसैंट और कभी कभी सैंट परसैंट भी आ जाते हैं। कभी पूरी जानकारी दी जाती है कभी आधी दी जाती है लेकिन जानकारी जरूर दी जाती है। दिल्ली में भी यह होता है और देश के दूसरे भागों में भी होता है। गैस पैपर्ज का जो धंधा चल रहा है उसको रोकने के लिए आप कोई कार्रवाई करने का विचार रखते हैं यह नहीं रखते हैं? इस सम्बन्ध में कभी आपका ध्यान गया है कि नहीं? इस बार जो आल इंडिया सीनियर सेकेन्डरी बोर्ड के पर्चे आउट हुए हैं यह पर्चे कहां से आउट हुए इसकी तो जांच हो रही है। अभी तक जांच की कोई रिपोर्ट नहीं आयी है, पुलिस भी जांच कर रही है और मंत्री जी ने आन्ध्र प्रदेश के एक शिक्षा विशारद को नियुक्त किया है। लेकिन एक बात ध्यान में रखनी चाहिये, अभी मंत्री महोदय ने बताया कि क्वेश्चन पेपर डिप्टी सैक्रेट्री की देख रेख में बनाये जाते हैं और उन्हीं की देख रेख में रहते हैं। तो आया यह क्वेश्चन पेपर उस स्तर से आउट हुए हैं या जब यह सैन्टर्स में भेज दिये गये तब

[ श्री जैनुल बशर ]

वहां से आउट हुए हैं ? क्योंकि इम्तहान से दो, तीन दिन पहले क्वेश्चन पेपर जरूर वहां भेजे जाते होंगे। तो कहां से लीकेज हुआ है ऊपर से या सेन्टर के स्तर पर। जो ऐग्जामिनेशन सेन्टर्स हैं वहां क्वेश्चन पेपर्स के रख रखाव, उनकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था की जाती है, कैसे वह रख जाते हैं और कैसे खोले जाते हैं ? और दो, तीन दिन इम्तहान से पहले का जो वक्त है जब वह रखे जाते हैं तो उसकी जानकारी किसी को रहती है कि नहीं ? हो सकता है वहीं से लीकेज होता हो ? आजकल ऐग्जामिनेशन सेन्टर्स पर गुंडई बहुत बढ़ गई है। मंत्री जी कह रही थीं कि जमाना बहुत बदल गया है और इस हद तक बदल गया है कि जो विद्यार्थी हैं, उनके पिता या गार्जियन्स हैं सारे लोग ऐसे लग जाते हैं कि बच्चे को किसी तरह से पास ही कराना है, चाहे पैसा दे कर नकल करने से या पर्चा आउट हो जाय या डंडा और पिस्तोल के जोर पर। प्रिन्सिपल को धमकाया जाता है कि उनके बच्चे को पास कराया जाये, पर्चे की नकल कराये। दिल्ली में होता है कि नहीं, मुझे नहीं मालूम, लेकिन देश के रिमोट एरियाज में यह होता है। क्या इस सम्बन्ध में मंत्री जी ने कुछ सोचा है कि प्रिन्सिपल और सेन्टर्स की सुरक्षा की व्यवस्था हो ?

दिल्ली में तो उन्होंने तीन पर्चों के रीएग्जामिनेशन के आर्डर्स कर दिये। लेकिन क्या यह मुमकिन नहीं है कि एस०टी० डी० द्वारा पर्चों का लीकेज देश के दूसरे भागों तक चला गया हो ? जैसे कलकत्ता या बम्बई जहां एस०टी०डी० हैं। वहां जिनको मालूम हुआ हो उन्होंने वहां उन पर्चों को आउट कर दिया हो, जब कि वहां से कोई समाचार यहां नहीं आ रहा है ? इस सम्बन्ध में कनक्रीट ऐवीडेंस की बात समझ में नहीं आती। इस में तो अगर शुबहा भर हो तो उसी पर कार्यवाही करनी चाहिये, वरना इम्तहान का कोई मकसद नहीं रह जाता है।

वाइड स्प्रेड पेपर्स की लीकेज और नकल को देखते हुए क्या शिक्षा मंत्री जी विचार करेंगी कि इम्तहान को ऐसा बनाया जाये कि लड़के दो साल की पढ़ाई लिखाई का इम्तहान जो अभी 15 दिन के अन्दर देते हैं इसको समाप्त किया जाये और उसके स्थान पर सेशनल इम्तहान हो ? कोई ऐसा तरीका नहीं निकाल सकते जिसमें नकल न हो और बच्चों को उस पढ़ाई का फायदा हो सके ? इस सम्बन्ध में भी क्या कभी मंत्री जी ने ध्यान दिया है ? एन०सी०ई० आर०टी० को क्या कोई ऐसा प्रपोजल आपने रखा है कि ऐसी परीक्षा प्रणाली हो जिसमें न नकल की ओर न लीकेज की व्यवस्था हो ? मैं जानता हूं कि ऐसी प्लानिंग दुनिया के बहुत सारे विकसित देशों में चल रही है और अच्छी चल रही है और लड़के बराबर पढ़ते रहते हैं। उसमें इन-डिसिप्लिन की बात भी नहीं रहती है जैसा कि हमारे देश में हो रहा है।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं।

**श्री कमलापति त्रिपाठी** (वाराणसी): एक बात, एक बात कितनी बार कहेंगे ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : बात में बात निकलती है।

**श्री जैनुल बशर** : दिल्ली में हायर सेकेन्डरी बोर्ड का दफ्तर है। यहां पर सारे अधिकारी हैं और लीकेज का पता बिल्कुल आसानी से चल गया, लेकिन हमारे मित्र श्री एडुआर्डो फैलीरो ने बताया कि और भी क्वेश्चन पेपर कहीं न कहीं

लीकेज हुआ है । मुझे डेफिनिट नालेज है कि कलकत्ता में इसके अलावा भी पेपर्स की लीकेज हुई है । मेरे पास इसकी एवीडेंस नहीं है, लेकिन कलकत्ता से मेरे पास खबर आई है कि वहां लीकेज हुआ है । उसकी तरफ भी क्या मंत्री महोदय ध्यान देंगी ?

श्रीमती शीला कौल : माननीय सदस्य ने कुछ ऐसी बातें कहीं हैं जो उन्होंने खुद ही कही हैं और उसका जवाब भी दे दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर कोई लीकेज हो तो उसकी एवीडेंस होनी चाहिये, तब मालूम होगा कि लीकेज हुई है । माननीय सदस्य ने खुद ही कहा है कि कलकत्ता में जो हुआ है, उसकी एवीडेंस उनके पास नहीं है । हमारे पास भी इस वक्त तक कोई एवीडेंस नहीं है और ना ही कोई रिपोर्ट है कि कलकत्ता में लीकेज हुआ है। ऐसे वक्त में अफवाहें भी बहुत फैल जाती हैं ।

गैस पेपर्स का बनना और लीकेज होना यह दो चीजें मुख्तलिफ हैं । गैस-पेपर्स तो लोग अपने घरों में भी कहते हैं कि बेटा पिछले साल यह आया था, इस साल यह आ सकता है, तो हर आदमी गैस करता है। इस तरह से गैस पेपर नहीं बनता है । लीकेज और चीज है । जैसा मैंने कहा कि गैस पेपर्स तो आपस में लड़के-लड़किया और पेरेन्ट्स भी अपनी राय देते हैं । तो इस में यह फर्क है ।

जो गाइड-बुक्स बनाते हैं, गैस पेपर्स छापते हैं उनकी जानकारी रहती है, और ऐसे लोगों को कभी भी नहीं कहा जाता कि आप क्वेश्चन सैट करें, यह कायदा बना हुआ है ।

जो यह कहा गया है कि क्वेश्चन पेपर्स डिप्टी सेक्रेटरी के पास रहते हैं, यह ठीक है । डिप्टी सेक्रेटरी पिछले 8 साल से ईमानदारी से काम कर रहे हैं और यह कहना कि डिप्टी सेक्रेटरी की नियत बदल गई है यह हमारे लिये मुनासिब नहीं होगा । लेकिन लीकेज हुआ है, किस स्टेज पर हुआ है, यह इन्वेस्टीगेसन हो जायेगी, तभी मालूम होगा । यह मेरे लिये कहना मुमकिन नहीं है कि लीकेज किस ने किया है ।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : जवाब सैटिस्फैक्टरी है ।

श्रीमती शीला कौल : हमें कोई इत्तिला नहीं मिली है कि एस०टी०डी० से लीकेज आफ क्वेश्चन की इन्फार्मेशन भेजी गई है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now we go to the next item.

Shri D P. Yadav is not here.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (New Delhi): Before you go to the next item I would like to mention one thing. You were in the chair last evening.

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is over. Please do not record anything.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE:**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not record anything, whatever Shri Vajpayee says.

Now matters under Rule 377. Shri Virdhi Chander Jain.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Have I said anything unparliamentary?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You got up wthout my permssion.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Do I have your permission now?

**Not recorded.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That matter is over. Why do you want to take it up again?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I am not saying anything about expunction. What made the Home Minister to make a statement? Has the Chair directed them to do so?

SHRI CHANDRAJIT YADAV (Azamgarh): You please expunge the statement of the Home Minister also.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Unfortunately, both of you are ex-Ministers.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: But we are talking about the present Minister.

---

**13.21 hrs.**

## MATTERS UNDER RULE 377

### (i) ALLEGED VIOLATION OF AGREEMENT BY GUJARAT STATE GOVERNMENT ON THE USE OF WATERS OF RIVER MAHI...

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अन्तर्गत निम्नलिखित स्टेटमेंट सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

माही नदी के जल उपयोग के बारे में राजस्थान एवं गुजरात सरकारों के दरमियान सन् 1966 में एक समझौता हुआ था, जिसके अन्तर्गत कडाणा बांध 419 फ़ीट की ऊंचाई पर बन कर तैयार हुआ और उक्त बांध से माही नदी का पानी गुजरात प्रान्त के खेड़ा जिले को सिंचित करने के लिए लिया गया था। उक्त समझौते में यह शर्त थी कि नर्मदा के बारे में न्यायाधिकरण द्वारा फ़ैसला करने के बाद खेड़ा जिला नर्मदा से सिंचित किया जाएगा और माही का पानी कडाणा नहर से गुजरात के ऊपरी इलाके में तथा राजस्थान के सब से सूखे इलाके, बाड़मेर एवं जालौर में काम आएगा।

गुजरात में सन् 1980 में बनाई गई योजना में उक्त समझौते की अवहेलना कर के खेड़ा जिले को नर्मदा से सिंचित न कर के माही से ही सिंचित करना प्रस्तावित किया गया है। यदि गुजरात की यह योजना स्वीकृत हो जाती है, तो माही का जल राजस्थान के सूखे इलाकों में उपलब्ध नहीं हो सकेगा। इस प्रकार की कार्रवाई 1966 में दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते के विपरीत है।

राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र, बाड़मेर एवं जालौर जिलों को सिंचित करने के लिए माही ही कम खर्च में जल पहुंचाने का एकमात्र उपाय है। परन्तु गुजरात द्वारा समझौते को न मानने के कारण जो स्थिति पैदा हुई है, उससे राजस्थान प्रान्त में, और विशेषत: बाड़मेर एवं जालौर जिलों में, घोर असंतोष है। गुजरात प्रान्त का यह कहना है कि न्यायाधिकरण ने नर्मदा में उन्हें अधिक हिस्सा नहीं दिया है, अत: वह माही के पानी का उपयोग करेगा। यह तर्क न्यायसंगत नहीं है। राजस्थान प्रान्त को भी नर्मदा में माकूल हिस्सा नहीं मिला है। राजस्थान सरकार ने जो मांग की थी, उसे उसका सिर्फ़ चौथाई हिस्सा मिला है।

माही नदी का पानी रेगिस्तानी थार क्षेत्रों, बाड़मेर एवं जालौर में पहुंचाने के लिए ही राजस्थान सरकार ने 419 फ़ीट की ऊंचाई का कडाणा बांध बनाने की सहमति दी थी और अपने क्षेत्र का काफ़ी हिस्सा डूब में डाल कर हजारों आदिवासियों को उखाड़ फैंका था।

राजस्थान और गुजरात के मुख्य मंत्रियों की बैठक इस विषय में केन्द्रीय जल आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में करीब एक वर्ष पहले हुई थी। गुजरात सरकार द्वारा इस समस्या को हल करने